SATYARTHI
KAILASH SATYARTHI CHILDREN'S FOUNDATION

आज़ादी का अमृत महोत्सव

Towards a new dawn

संविधान दिवस, 26 नवंबर 2021

हमारे कर्तव्य, हमारे अधिकार

संवैधानिक कर्तव्य

अ

अपने संविधान, राष्ट्रीय ध्वज, राष्ट्रीय गीत का सम्मान करना ज़रूरी है

आ

आज़ादी के लिए जिन लोगों ने संघर्ष किया है, हमें उनका हमेशा सम्मान करना चाहिए

इ

इस देश की संस्कृति, विरासत और सार्वजनिक संपत्ति की रक्षा करना हमारा कर्तव्य है

ई

ईश्वर और धर्म के नाम पर हिंसा हमें कभी नहीं करनी चाहिए

उ

उचित समय पर अपने देश की रक्षा के लिए हमेशा तैयार रहना चाहिए

ऊ

ऊर्जा, पर्यावरण और प्रकृति जैसे की जंगल, नदियाँ और जीव जंतुओं की रक्षा करना हमारा कर्तव्य है

ए

एकता, अखंडता और भाईचारे की भावना हमें हमेशा बनाए रखनी चाहिए

ऐ

ऐसे काम करने चाहिए जिससे हमारा देश तरक्की की नई ऊचाइयाँ छू सके

औ

औरतों और लड़कियों के आत्म-सम्मान की रक्षा सभी को करनी चाहिए

SATYARTHI
KAILASH SATYARTHI CHILDREN'S FOUNDATION

आज़ादी का अमृत महोत्सव

Towards a new dawn

संविधान दिवस, 26 नवंबर 2021

हमारे कर्तव्य, हमारे अधिकार

संवैधानिक अधिकार

क
कानून के सामने सब समान हैं

ख
खरीदना या बेचना जिसमें मानव एक वस्तु हो जिसे मानव दुर्व्यपार भी कहते हैं, हमारे देश में सख़्त मना है

ग
गिरफ्तारी और नज़रबंदी से संरक्षण हमारा अधिकार है जबतक हमने कोई कानून न तोड़ा हो

च
चौदह वर्ष से कम आयु के बच्चे से खतरनाक व्यवसाय और कारखानों में काम करवाना सख्त मना है

छ
छुआ –छूत और भेद-भाव करना हमारे देश में मना है

ज
जीने के लिए पौष्टिक खाना और रहने के लिए घर हम सबका अधिकार है

ध
धर्म, जाति, लिंग या जन्म स्थान के आधार पर भेदभाव करना मना है

न
नि:शुल्क और अनिवार्य शिक्षा हर 6 से 14 वर्ष के बच्चों का अधिकार है

प
पिछड़ी जाति के लोगों को भी समानता यानि बराबरी का अधिकार है

ब
बोलने की आज़ादी हम सबका अधिकार है

भ
भारत में कहीं भी घूमने या रहने की सबको आज़ादी है

म
मुझे अपने माता पिता एवं परिवार के साथ रहने का अधिकार है

व
व्यक्तिगत स्वतंत्रता हम सबका अधिकार है

श
शोषण से बचाव हम सबका अधिकार है

स
समानता यानि हम सब बराबर हैं

ह
हमें अपनी बात कहने का और विचार रखने का अधिकार है